*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
## पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

### विश्वविद्यालय की छात्रा अंशु पांडेय को संसद में 'अपने नेता को जाने' कार्यक्रम में मिला विशेष अवसर

पंतनगर। 2 नवम्बर 2025। पंतनगर विश्वविद्यालय की छात्र और उत्तराखंड निवासी प्रतिभाशाली अंशु पांडेय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारतीय संसद, नई दिल्ली के केंद्रीय कक्ष में आयोजित 'अपने नेता को जाने' कार्यक्रम में भाग लेकर राज्य का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व किया। अंशु पांडेय को देश भर के प्रतिनिधियों के बीच श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन और बलिदान पर विशेष रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। मत्स्य विज्ञान की छात्र अंशु पांडे ने इस मंच पर उत्तराखंड के पारंपरिक पहाड़ी परिधान धारण कर सबका ध्यान आकर्षित किया। माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के साथ संवाद उनके लिए एक प्रेरणादायक एवं ऐतिहासिक अनुभव रहा। अंशु पांडेय ने विश्वविद्यालय साहित्यिकी सोसाइटी के स्टाफ काउंसलर, डा. अमित केसरवानी का विशेषकर धन्यवाद जताया, जो साहित्य से जुड़े हर क्षेत्रों पर छात्रों को ऐसे गरिमामयी मंच उपलब्ध कराने की अथक कोशिश कर रहे हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर उनके परिवार, संकाय सदस्य, विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान और अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना ने भी उनका उत्साहवर्धन किया।

